# सर्विस रोड में अवैध खड़े वाहनों को हटाया–निगम एवं यातायात विभाग

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई एवं यातायात विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सर्विस रोड से अवैध खड़े किये वाहनों को हटाने की कार्यवाही किया गया है। नागरिक व आटो डिलरों द्वारा सड़क किनारे एवं बाजार के बीच में अवैध रूप से वाहन खड़ा कर दिया जाता है, जिसके कारण सड़क जाम हो जाता है और आवागमन बाधित होता है। इससे शहर में सड़क दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। आटो डिलरों द्वारा सर्विस रोड में वाहन खड़ा कर रिपेयरिंग एवं वाशिंग का कार्य किया जाता है। साथ ही नागरिको द्वारा अपने चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों को अनावश्यक सर्विस रोड में खड़ा कर इधर–उधर चले जाते है। जिसके कारण रोड से गुजरने वाले वाहन चालको एवं पैदल चलने वाले लोगो को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। संयुक्त टीम द्वारा वाहने को हटाकर जप्त किया गया है एवं दुबारा वाहन खड़ा न करने की समझाइस दी गई है।

